RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय






वर्ष 05 अंक 64 | सतना, शनिवार 23 अगस्त , 2025 | पृष्ठ: 4, मूल्य : 1 रूपए

# पीएम हो या सीएम भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी: पीएम मोदी



**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में आज 13 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इसके साथ ही दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने मगही भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे जनता का सेवक बनकर काम करने में खुशी होती है। इसके साथ ही उन्होंने आरजेडी पर भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरजेडी के लालटेन राज ने बिहार को लाल आतंक में जकड़ लिया था। गयाजी में जनसभा में अपना संबोधन मगही भाषा में शुरू किया। उन्होंने कहा- हम अपने सब के अभिनंदन कर ही, मोक्ष आउ ज्ञान के धरती गया जी से हम सबके अभिनंदन कर ही। नए कानून को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले उन्होंने कहा कि एक ऐसा कानून बन रहा है, जिसमें सीएम और पीएम सब दायरे में आएंगे। अगर 30 दिन के भीतर जमानत नहीं मिली तो 31 वें दिन कुर्सी छोड़नी होगी। जेल में रहकर सरकार चलाने का कोई अधिकार नहीं है। जो भी जेल जाएगा उसे कुर्सी छोड़नी ही होगी। अब भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे जनता का सेवक बनकर उनके लिए काम करने में सबसे ज्यादा खुशी होती है। मेरा संकल्प है, जब तक हर किसी को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच में बीते 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर दिए गए हैं। पीएम ने कहा कि केवल बिहार में 38 लाख से ज्यादा घर बने हैं। इसके साथ ही गयाजी में 2 लाख लोगों को घर मिला है। हमने सिर्फ चारदीवारी नहीं दी, बल्कि गरीब को उसका स्वाभिमान दिया है। जब तक हर गरीब को घर नहीं मिलता पीएम आवास योजना जारी रहेगी।

### इस बार की दिवाली होगी खास- पीएम

इस बार बिहार में दीवाली और छठ पूजा की रौनक पहले से ज्यादा होगी, जो लोग अभी पीएम आवास योजना में छूट गए हैं, मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि पीएम आवास योजना तब तक जारी रहेगी, जब तक हर गरीब को अपना पक्का घर नहीं मिल जाता है।

उन्होंने कहा कि ये धरती, अध्यात्म और शांति की धरती है। ये भगवान बुद्ध को बोध प्राप्त कराने वाली पावन भूमि है। गया जी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। यहां के लोगों की इच्छा थी कि इस नगरी को गया नहीं, गया जी कहा जाए। मैं इस निर्णय के लिए बिहार सरकार का अभिनंदन करता हूं। मुझे खुशी है कि गया जी के तेज विकास के लिए बिहार की डबल इंजन सरकार लगातार काम कर रही है।

### बिहार की धरती पर लिया गया संकल्प पूरा हुआ

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷बिहार चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की धरती है। इस धरती पर लिया गया हर संकल्प कभी व्यर्थ नहीं गया है। जब कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ, हमारे निर्दोष नागरिकों को उनका धर्म पूछकर मारा गया, तब मैंने बिहार की इस धरती से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी। आज दुनिया देख रही है कि बिहार की धरती पर लिया गया संकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षानीति की नई लकीर खींच दी है। अब भारत में आतंकवादी भेजकर, हमले कराके, कोई बच नहीं सकेगा। आतंकवादी चाहे पाताल में क्यों ना छिप जाएं, भारत की मिसाइलें उन्हें दफन करके ही रहेंगी।

# पशुपालन से किसानों की बढ़ेगी आय, बनेंगे आत्मनिर्भर



**भोपाल एजेंसी।** प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें पशुपालन गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। पशुपालन से किसानों की आय बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह हमारा संकल्प है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़े और वर्ष 2028 तक प्रदेश को देश की %मिल्क कैपिटल% बनाया जाये। गो- संरक्षण और गो-संवर्धन सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

प्रदेश में पशुपालन विभाग को गो-पालन विभाग का नाम दिया गया है। प्रदेश में देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9त्न होता है, जिसे 20त्न तक ले जाने का सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश में गोवंश के लिए आहार की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिमाह दी जाने वाली राशि को ?20 से बढ़कर ?40 कर दिया गया है। %हर घर गोकुल% के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश में 946 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में एक वृंदावन ग्राम बनाया जा रहा है।

दुग्ध उत्पादन से अधिक आय के लिए मध्यप्रदेश दुग्ध संघ के सांची ब्रांड को अधिक लोकप्रिय बनाया जा रहा है, इसके लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से करार भी किया गया है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ दुग्ध उत्पादों की बेहतर ब्राडिंग, गोवंश की समुचित देखभाल, वेटनरी क्षेत्र में आवश्यक प्रशिक्षण और उन्नत अधोसंरचना स्थापित करने में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का हरसंभव लाभ लिया जा रहा है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के 26 हजार गांवों तक डेयरी नेटवर्क का विस्तार सुनिश्चित किया जाना है। इससे 52 लाख किलोग्राम दुग्ध संकलन होगा। बढ़े हुए दुग्ध संकलन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आधुनिकतम दुग्ध प्रसंस्करण अवसंरचना विकसित की जाएगी। प्रदेश में निर्मित होने वाले दुग्ध उत्पादों की राष्ट्रीय स्तर पर ब्राडिंग सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में पशुपालन और डेयरी विकास के लिए सरकार द्वारा नई योजनाएं शुरू की गई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में पशुपालक को 25 दुधारू पशु गाय, संकर गाय, भैंस की इकाई प्रदान की जाएगी। इस इकाई की लागत 36 से 42 लाख रुपए के बीच रहेगी। योजना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए 33 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग के लिए 25त्न अनुदान की व्यवस्था की गई है। सरकार अब सिर्फ भैंस का नहीं गाय का दूध भी खरीदेगी। गाय के दूध की खरीद की कीमत बढ़ाई जाएगी। प्रदेश में ÷स्वावलंबी गो-शालाओं की स्थापना नीति 2025÷ भी लागू की गई है। इसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में उपलब्ध गो वंश के आश्रय एवं भरण पोषण के लिए 05 हजार गो-वंश से अधिक की क्षमता वाली वृहद गो-शालाएं नगर निगम ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर, भोपाल और जबलपुर में स्थापित की जा रही हैं। गो-संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना, कामधेनु निवास योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम, नस्ल सुधार कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का प्रदेश में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में न केवल गोवंश का समुचित पालन-पोषण किया जा रहा है, अपितु दुग्ध उत्पादन में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेश में स्वाबलंबी गो-शालाओं की स्थापना नीति पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में 28 स्थान चिन्हित किए गए हैं तथा 8 स्वयं सेवी संस्थाओं को भूमि भी आबंटित भी की जा चुकी है। योजना में 5000 एवं अधिक गो-वंश के पालन पर शासन की ओर से 130 एकड़ तक भूमि आवंटित किए जाने का प्रावधान है। गो-शालाओं के लिए चारा-भूसा अनुदान योजना के अंतर्गत इस वित्त वर्ष में विभिन्न गो-शालाओं को 133.35 करोड रुपए दिए गए हैं। गत वर्ष इस योजना में 270.40 करोड़ रुपए गो-शालाओं को अनुदान के रूप में दिए गए थे। प्रदेश में गो संवर्धन बोर्ड के अंतर्गत 2942 गो-शालाएं पंजीकृत हैं, जिनमें 2828 गो-शालाएं संचालित हैं। इन गो-शालाओं में 04 लाख 22 हजार गो-वंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। गत एक वर्ष में प्रदेश में कुल 623 गौशालाएं पंजीकृत हुई हैं, जिनमें 596 गौशालाएं मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाई गई हैं तथा 27 का संचालन स्वयंसेवी संस्थाएं कर रही हैं। प्रदेश में अति पिछड़े बैगा, सहरिया और भारिया जनजाति के पशुपालकों के लिए प्रदेश के 14 जिलों में मुख्यमंत्री दुधारु पशु योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत सरकार द्वारा 90त्न अनुदान पर प्रत्येक हितग्राही को दो-दो मुर्रा भैंस/ गाय प्रदान की जाती है। योजना में गत वर्ष 660 के विरुद्ध 639 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया था तथा इस वर्ष 483 को पशु प्रदान किए जाने का लक्ष्य है।

## सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में पलटी नाव, 10 लोग डूबे, 4 को बचाया गया, एनडीआरएफ पहुंची



**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान के सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। नाव में 8 से 10 लोग सवार थे। बांध की लहर के लपेटे में आने के बाद ये हादसा हो गया। अभी तक 3 से 4 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। बाकी लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वो सिर्फ 3 से 4 लोगों को ही निकाल सके। ग्रामीणों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब नाव अचानक बांध के तेज लहर की चपेट में आ गई। चार लोगों को इस हादसे में बाहर निकाल लिया गया है। बाकी लोगों को कुछ पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही काफी लोग मौके पर पहुंचे थे, लेकिन सभी लोगों को निकाला नहीं जा सका। नाव और बचे हुए लोगों का कुछ पता नहीं चल सका है। लोगों को बाहर निकालने और उनका पता लगाने के लिए एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। मौके पर ग्रामीणों और पुलिस के साथ एनडीआरएफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। हादसे के बाद इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल है। प्रशासन और पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लोगों का पता लगाने और बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव का काम जारी है। वहीं सूरवाल बांध में नाव पलटने की सूचना मिलने के बाद जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी और बचाव

## विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वामपंथी उग्रवाद के मददगार : शाह

### उनके फैसले से नक्सल-विरोधी सलवा जुडूम खत्म हुआ, जजमेंट नहीं होता तो नक्सलवाद खत्म हो जाता



**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तमिलनाडु में बूथ समिति सदस्यों के सम्मेलन में शामिल हुए। यहां गृहमंत्री ने अपने संबोधन में तमिलनाडु के सी.पी. राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष नड्डा का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने संबोधन की शुरुआत में वहां मौजूद लोगों से तमिल भाषा न बोलने के लिए क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मैं तमिलनाडु की धरती पर महान तमिल भाषा में बोलने में असमर्थ हूं, इसलिए मैं आप सभी से क्षमा चाहता हूं।

तिरुनेलवेली में बूथ समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं राज्य के लोगों को यह बताने आया हूं कि तमिलनाडु का बेटा सीपी राधाकृष्णन राज्यसभा का सभापति बनने जा रहा है। इससे पहले एनडीए ने एपीजे अब्दुल कलाम जी को भी भारत का राष्ट्रपति बनाकर यह सम्मान दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा तमिलनाडु, तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को गौरवान्वित करने का काम किया है। अपने संबोधन में अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में हमारे निर्दोष नागरिकों को मार डाला। जिसके बाद पीएम मोदी ने वादा किया था कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाएंगे। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने वादे के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर की अनुमति देकर हमने उनके आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इसका पूरे विपक्ष ने विरोध करने लगा। संविधान विधेयक क्या है? अगर कोई मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री जेल जाता है, तो उसे अपने पद से इस्तीफा देना होगा। विपक्ष पूछ रहा है कि इस विधेयक की क्या जरूरत है? वरिष्ठ डीएमके मंत्री के पोनमुडी और सेंथिल बालाजी आठ महीने जेल में रहे। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। मुझे बताइए, क्या आप जेल में रहकर सरकार चला सकते हैं?

## बंगाल में चुनाव आयोग के 4 अधिकारी निलंबित, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने का आरोप



**नई दिल्ली एजेंसी।** चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल सरकार ने मतदाता सूची संशोधन में गड़बड़ी के आरोप में चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है, लेकिन इनमें से किसी भी अधिकारी के खिलाफ स्नढ्डक्र दर्ज नहीं की गई है। सरकार का कहना है कि इस तरह चुनाव आयोग (ईसी) के निर्देशों का आंशिक रूप से पालन हो रहा है। यह निलंबन मुख्य सचिव मनोज पंत के नई दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष पेश होने के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ है। आयोग ने उन्हें 21 अगस्त की समयसीमा निर्धारित कर उन अधिकारियों को निलंबित करने के साथ-साथ उन पर स्नढ्डक्र दर्ज करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों को निलंबित करने के मामले में राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने निलंबन के निर्देश पर कार्रवाई की है और विभागीय कार्यवाही भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, बरुईपुर पूर्व और मोयना विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोपों के बाद अधिकारियों के निलंबन किए गए हैं। सचिवालय अधिकारी ने बताया कि निलंबित किए गए अधिकारियों में दक्षिण 24 परगना और पूर्व मिदनापुर जिलों के दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ) शामिल हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई हैं उनमें बरुईपुर पूर्व से देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल शामिल हैं। इसके अलावा मोयना से बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास शामिल हैं। इन अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के दौरान लॉगिन क्रेडेंशियल साझा की है और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी

## सुप्रीम कोर्ट बोला-आवारा कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण कर छोड़ें- सिर्फ खूंखार-रेबीज संक्रमित कैद में रहें: सार्वजनिक जगहों पर खाना न दें



**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली में घूम रहे आवारा कुत्तों को लेकर डॉग लवर और कुत्तों से परेशान लोगों की बीच टकराव काफी लंबे से पनप रहा था। दोनों की निगाहें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी थी कि आज कोर्ट आखिर क्या फैसला सुनाएगा? सुप्रीम कोर्ट ने लोगों का इंतजार खत्म करते हुए शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में ऐसा बीच का रास्ता निकाला जिससे न तो डॉग लवर्स की भावनाओं को ठेस पहुंची और न ही आवारा कुत्तों से परेशान लोगों की पीड़ा को नजरअंदाज किया गया। आइए जानते हैं आखिर सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले में ऐसा क्या कहा, जिससे दोनों पक्ष के लोग संतुष्ट हो गए।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आवारा कुत्तों पर अपने पुराने फैसले पर आंशिक रोक लगाते हुए उसमें संशोधन किया। कोर्ट ने अपने नए निर्देश में कुत्तों को सार्वजनिक रूप से खाना खिलाने को बैन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कुत्तों के खाने के लिए अलग भोजन स्थान बनाए जाएंगे क्योंकि कुत्ते काटने के अधिकतर मामले खाने की वजह से ही होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सिर्फ दिल्ली में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम अधिकारियों निर्देश देते हुए कहा कि वह सभी आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थल बनाएगा। कोर्ट ने डॉग लवर को चेतावनी देते हुए कहा कि भोजन स्थल के पास एक ऐसा नोटिस बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें लिखा होगा की आवारा कुत्तों को केवल इन्हीं क्षेत्रों में ही खाना दिया जाएं। कोर्ट ने कहा कि नियमों का पालन करने वाले के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नसबंदी और टीकाकरण कर वापस छोड़ दिया जाएगा

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि जो कुत्ते रेबीज से संक्रमित है या आक्रामक व्यवहार करते हैं उन्हें शेल्टर होम में ही रखा जाएगा और इससे ग्रसित बाकी कुत्तों को भी शेल्टर होम में ही शिफ्ट किया जाएगा।

दिल्ली से शुरू हुआ मामला अब पूरे देश में फैल चुका है। सुप्रीम कोर्ट में अपने आदेश में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पशुपालन विभाग के सचिवों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति तैयार करने पर अधिकारियों की प्रतिक्रिया मांगी है। साथ ही कोर्ट ने उन सभी हाईकोर्ट से जानकारी मांगने का निर्देश दिया है, जहां आवारा कुत्तों के मुद्दे पर याचिकाएं लंबित हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि ऐसे सभी मामले हाईकोर्ट को स्थानांतरित किए जाएं। नगर निगम के अधिकारियों को पुराने फैसले के सभी निर्देशों का पालन करना होगा, सिवाय आवारा कुत्तों को न छोड़ने के निर्देशों को छोड़कर। कोर्ट ने कहा कि रेबीज या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को छोड़कर नगर निगम बाकी कुत्तों को छोड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों के लिए बनाए गए भोजन स्थान के अलावा अगर किसी भी स्थिति में आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना खिलाया गया, तो उन व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भारत ने बनाई फरारी जैसी अर्थव्यवस्था, दूसरा अब भी मलबे का डंपर राजनाथ का पाकिस्तान पर हमला



**नई दिल्ली एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों देशों को एक ही समय पर आजादी मिली। एक देश ने मेहनत, सही नीतियों और दूरदर्शिता से फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा देश अब भी मलबे के डंपर जैसा है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बयान का हवाला देते हुए यह बात कही। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आपका ध्यान हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के दिए एक बयान की ओर दिलाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भारत एक फरारी जैसी चमचमाती मर्सिडीज है, जो हाइवे पर तेजी से दौड़ रही है और हम एक बजरी से भरा डंप ट्रक हैं। अगर ये ट्रक उस कार से टकरा जाए, तो नुकसान किसका होगा? भारत की अर्थव्यवस्था एक मर्सिडीज और फरारी की तरह हाइवे पर दौड़ रही है। यह मैंने नहीं कहा, उन्होंने खुद कहा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था एक मलबे से भरे डंपर जैसी है। अब इसका जवाब आप लोग खुद जानते हैं। केंद्रीय मंत्री आगे कहा, असीम मुनीर को उनके इस बयान के लिए पाकिस्तान और दुनियाभर में भी खूब ट्रोल किया गया। लोगों ने कहा कि जब दो देशों को एक ही समय पर आजादी मिली और एक देश ने मेहनत, सही नीतियों और दूरदर्शिता से फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा देश अब भी डंपर की हालत में है, तो ये उनकी अपनी नाकामी है। उन्होंने कहा, मैं असीम मुनीर के इस बयान को केवल ट्रोल करने लायक मजाक नहीं समझता, बल्कि इसे एक %स्वीकारोक्ति% मानता हूं। अगर हम इस बयान के पीछे छिपे गंभीर संकेत को नजरअंदाज करते हैं, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस चेतावनी को गंभीरता से लें और पहले से तैयारी करें, तो भारत ऐसे किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है।

# जल उपभोक्ताओं को नगर निगम ने मासिक जलशुल्क करना अनिवार्य - निगमायुक्त

## 15 दिवस के अंदर उपभोक्ताओं के द्वारा जलशुल्क का मासिक भुगतान नहीं करने पर लगाया जायेगा अधिभार




**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के प्रमख सचिव के द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप अब जलशुल्क कनेक्शन का मासिक भुगतान किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा भी राजस्व विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जलशुल्क कनेक्शन का मासिक भुगतान जल उपभोक्ताओं से घर-घर सम्पर्क कर 15 दिवस के भीतर जमा कराएँ। निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया है कि जिन उपभोक्ताओं के द्वारा जल शुल्क कनेक्शन का मासिक भुगतान नहीं किया जाता है उनपर माह सितम्बर से अधिभार अधिरोपित करते हुए वसूली की कार्यवाही की जावे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि अधिभार से बचें और 15 दिवस के अंदर बकाया मासिक जलशुल्क कनेक्शन की राशि निगम में अथवा अपने नजदीकि संभागीय कार्यालय में जमा कराएँ।

इस संबंध में अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता प्रभार एवं जलशुल्क का बकाया भुगतान मासिक ना किये जाने पर 15 दिवस उपरांत अधिभार अधिरोपित करते हुए वसूली किये जाने शासन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से संचालित ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर में बकाया राशि पर सितम्बर से अधिभार अधिरोपित किया जायेगा।

## खितौला में गरुड़ दल की कार्यवाही, उस्मानी दवाखाना को किया सील



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने आज शुक्रवार को सिहोरा अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खितौला के वार्ड नंबर 12 में संचालित उस्मानी दवाखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर डॉ फिरोज खान उपस्थित नहीं पाये गये। क्लीनिक में कुशल कुशवाहा उपस्थित पाये गये। निरीक्षण कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा एवं जगभान सिंह, बीएमओ सिहोरा श्रीमती अर्शिया खान एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। स्थानीय व्यक्ति भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे। पंजीयन नहीं पाये जाने के कारण दवाखाना को सील कर दिया गया है।

# प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण




**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी के गणेश जी की स्थापना के लिए विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के मुख्य आतिथ्य में जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। शासन के निर्देश अनुसार प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के समस्त परिवारों को जागरुक कर श्री गणेश उत्सव पर प्रत्येक परिवार को मिट्टी के गणेश जी स्थापित करने प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विधायक डॉ पांडे ने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी विद्यार्थी माटी से बने हुए गणेश जी की स्थापना के लिए लोगों को जागरूक करें। इसके लिए वोकल फॉर लोकल एवं स्वदेशी के भाव को बढ़ावा देते हुए स्थानीय कारीगरों से मिट्टी के बने गणेश जी ही खरीदने माता - पिता, आस-पड़ोस के लोगों को जागरूक करें। इसके साथ ही घर में ही माटी से बने हुए गणेश जी के विसर्जन को प्राथमिकता देने निवेदन करें। जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला में नर्मदा समग्र समन्वयक नीलेश कटारे एवं जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक रविबर्मन के द्वारा विद्यार्थियों को मिट्टी के गणेश जी बनाने प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता कर माटी के गणेश जी का निर्माण किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, विद्यालय प्राचार्य प्रभा मिश्रा, मंजुला सिन्हा, बीएसी अजय रजक पूर्व प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत होम साइंस कॉलेज में आयोजित शिविर में 130 छात्राओं की स्क्रीनिंग



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत जिले में 1 जुलाई से चलाये जा रहे सौ दिनों के सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान में आज गुरुवार को होम साइंस कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कॉलेज की 130 छात्राओं की सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई।

स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दौरान ही होम साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये सिकल सेल रोग के कारण, लक्षण, उपचार एवं प्रबंधन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ के के वर्मा ने सिकल सेल रोग को लेकर फैली भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अनुवांशिक रोग से बचाव के लिए इसकी जानकारी होना बहुत जरूरी है। डॉ वर्मा ने शादी के समय जन्म कुंडली मिलाने के पहले सिकल सेल की जाँच कराकर सिकल सेल कुंडली मिलाने को आवश्यक बताते हुये कहा कि इससे इस रोग को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जाने से रोका जा सकता है। शिविर में होम साइंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ स्मिता पाठक, एचओडी डॉ साधना केसरवानी सहित कॉलेज का स्टॉफ एवं विक्टोरिया अस्पताल का स्टाफ उपस्थित था।जिले में सौ दिवसीय सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान के दौरान जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चे एवं 40 वर्ष तक की आयु के हितग्राहियों की सिकल सेल जाँच की जा रही है। चिन्हित किये गये सिकल सेल रोगियों का उपचार व प्रबंधन, ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन किया जा रहा है तथा चिन्हित सिकल सेल वाहक एवं रोगियों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड वितरण किया जा रहा है। खून की कमी होना, थकावट एवं सांस फूलना, बार-बार सर्दी खांसी एवं बुखार होना, हाथ और पैर तथा जोड़ों में सूजन व दर्द तथा तिल्ली का बढ़ जाना सिकल सेल एनीमिया के प्रमुख लक्षण हैं।

## जोखिमग्रस्त बच्चों के पुनर्वास में 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' बनेगी प्रभावी आधार

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने कहा कि 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' बच्चों के सामने आने वाले खतरों और चुनौतियों का व्यवस्थित आकलन है, जो बाल संरक्षण योजनाओं को मजबूत बनाता है और विभागीय समन्वय को सुनिश्चित करता है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारियों एवं बाल कल्याण समितियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बच्चों को योजनाओं से जोड़कर सुरक्षित पारिवारिक वातावरण प्रदान करें और 'स्ट्रीट चिल्ड्रन पालिसी-2022' के अनुसार सड़क पर रहने वाले बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ें। उल्लेखनीय है कि 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' ऐसे बच्चों का चिन्हांकन है जो किसी भी तरह के शारीरिक अथवा मानसिक नुकसान, शोषण, दुर्व्यवहार के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को होटल एमपीटी लेक व्यू भोपाल में 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' एवं परिवार आधारित वैकल्पिक देख रेख विषयक राज्य स्तरीय बैठक में यह बात कही। बैठक में प्रदेश के तीन संभागों भोपाल, इंदौर एवं उज्जैन के 12 जिलों को प्रथम चरण में शामिल कर 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' की कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' से चिन्हित बच्चों को दत्तक ग्रहण, फॉस्टर केयर और स्पॉन्सरशिप जैसी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्पॉन्सरशिप के माध्यम से सहयोग, दिव्यांग बच्चों को विकलांगता पेंशन का लाभ, गुमशुदा और तस्करी से बचाए गए बच्चों को उनके परिवार में पुनर्वास, शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश, स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा उपचार और परामर्श हेतु आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। बाल श्रम एवं बाल तस्करी से बचाए गए बच्चों को संरक्षण और पुनर्वास के लिए बाल देख रेख संस्थाओं में प्रवेश, मनोचिकित्सक और परामर्शदाताओं की मदद से परामर्श प्रदान करने तथा बच्चों व उनके परिवार को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए। पुनर्वासित बच्चों के निरंतर फॉलो-अप पर विशेष बल दिया गया। साथ ही उज्जैन जिले के पायलट प्रोजेक्ट के अनुभव जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री साबिर अहमद सिद्दीकी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने साझा किए। परिवार आधारित वैकल्पिक देखरेख की पाँच वर्षीय कार्ययोजना प्रस्तुत कर सभी प्रतिभागियों से सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में चयनित जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी, संयुक्त संचालक, डेवलपमेंट पार्टनर्स, अशासकीय संस्थाएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पथरिया गांव के 55 किसानों के फर्जी सिकमीनामा लगाकर किया करोड़ों का मूंग घोटाला

### कार्यवाही के लिये किसान संघ ने लिखा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र

### कार्यवाही न होने पर होगा ज़िला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई मूंग खरीदी में बड़ा घोटाला सामने आया है। शहपुरा तहसील के पथरिया गांव के 55 किसानों की जमीन फर्जी सिकमीनामे के आधार पर मूंग का पंजीयन करा, मूंग बेंचना दिखाकर एमएलटी वेयरहाउस खरीदी केंद्र से करोड़ों का भुगतान करा लिया गया। वास्तविक किसानों ने सामने आकर बताया कि बिना मूंग तुले ही इन पंजीयनों में संबंधितों को भुगतान किया गया है। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटैल व संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटैल ने आरोप लगाया कि फर्जी सिकमीनामों से मूंग का पंजीयन बिना शासकीय अधिकारियों की मिलीभगत से संभव नहीं है क्योंकि सिकमीनामा बनने के बाद पंजीयन के समय शासकीय अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी आदि द्वारा वेरीफिकेशन किया जाता है। किसान संघ ने मांग की है कि जिला प्रशासन खरीदी में शामिल सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, आपरेटर व सर्वेयर और दोषी अन्य अधिकारियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करे। यदि कार्यवाही नहीं की जायेगी तो भारतीय किसान संघ जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन करेगा।

### कैसे खुला मूंग खरीदी का घोटाला

जबलपुर जिले से 50 किलोमीटर दूर स्थित गांव पथरिया के किसान महेन्द्र अवस्थी ने बताया कि जब गांव के किसान खाद लेने शहपुरा स्थित डबल लॉक में गये तो कर्मचारियों ने बताया कि आपकी जमीन की खाद तो सिकमीनामे के आधार पर कोई और ले जा चुका है। गांव के किसानों ने बताया कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति को अपनी जमीन सिकमी पर नहीं दी है। जब किसानों ने अपने मूंग के ऑनलाईन पंजीयन की जांच की तो पता चला कि पथरिया गांव के 55 से अधिक किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन के फर्जी सिकमीनामे बनाकर मूंग का पंजीयन करा लिया गया है।

### एमएसपी पर फसल खरीदी का अधिकार छिना

किसानों का कहना है कि फर्जी सिकमीनामे के आधार पर हमारा एमएसपी पर फसल बेचने के अधिकार को छीना जा रहा है। जिन किसानों ने अपने खेतों में मूंग लगाई थी उन्हें कम दाम पर बाजार में बेचना पड़ी है। यदि ये फर्जी सिकमीनामें रद्द नहीं किये गये तो किसान आगे अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेंच पायेंगे।

### किसानों ने एसडीएम व बेलखेड़ा थाने में लगाई फरियाद

पथरिया गांव के किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में फर्जी सिकमीनामे के आधार पर एमएलटी वेयरहाउस में मूंग खरीदी में हुये घोटाले की लिखित शिकायत अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा व बेलखेड़ा थाने में की है। जिसका संतोषजनक आश्वासन किसानों को नहीं मिलने से किसान जिला कलेक्टर कार्यालय आकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

### किसान संघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजी शिकायत

किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने बताया कि केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद ही एमएसपी पर मूंग खरीदी मध्यप्रदेश में प्रारंभ की गई थी। इसलिये एमएलटी वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति बसेंड़ी द्वारा मूंग खरीदी में किये करोड़ों के मूंग घोटाले की शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग गई है।

## बिना डिग्री के ईलाज करने पर क्लीनिक को किया सील



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** अनुभागीय राजस्व अधिकारी श्री अभिषेक सिंह के निर्देशन में आज पनागर स्थित विश्वास आयुर्वेदिक क्लीनिक का राजस्व तथा पुलिस दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में पंकज विश्वास प्रेक्टिस करते पाये गये, लेकिन उनके पास ऐलोपैथिक संबंधी कोई डिग्री नहीं पाई गई। क्लीनिक में ऐलोपैथिक दवाईयों के साथ आयुर्वेदिक दवाईयां भी पाई गई। क्लीनिक में अनियमितता पाये जाने पर क्लीनिक को सील कर ऐलोपैथिक दवाइयां जब्त की गई।

## शिक्षा विभाग द्वारा सभी छात्रावासों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा जिले के सभी शासकीय छात्रावासो का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों के सभी अधीक्षक, वार्डन एवं अन्य स्टाफ को निर्देशित किया कि शासकीय छात्रावासो मे रहकर अध्यापन करने वाले बच्चों के इलाज मे किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होंगी, कोई भी बच्चा अगर बीमार हो तो तत्काल उनका बेहतर इलाज होना चाहिए। इसके अलावा सभी छात्रावास मे साफ सफाई, बच्चों के खानपान इत्यादि कि व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाये। अगर कही किसी को कोई समस्या हो तो वह तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

## पितृपक्ष पर यात्रियों के लिए विशेष सुविधा - रानी कमलापति से गया के मध्य चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**पमरे के भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** पितृपक्ष के अवसर पर गया में पिंडदान हेतु बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापतिङ्कगयाङ्करानी कमलापति के मध्य 03-03 ट्रिप स्पेशल ट्रेन स्पेशल फेयर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**पमरे के क्षेत्राधिकार में गाड़ी संचालन का विवरण**

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापतिङ्कगया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 07, 12 एवं 17 सितम्बर 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 13:20 बजे प्रस्थान कर, भोपाल (13:43/13:45), विदिशा (14:24/14:26), गंजबासौदा (14:55/14:57), बीना (15:50 /15:55), सागर (17:00/17:05), दमोह (18:20/18:22), कटनी (20:45/20:55), मैहर (22:10/22:12), सतना (22:45/22:55) और अगले दिन सुबह 09:30 गया पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 गयाङ्करानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 10, 15 एवं 20 सितम्बर 2025 को गया स्टेशन से दोपहर14:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि (00:55/01:00), मैहर (01:28/01:30), कटनी (02:30/02:40), दमोह (04:03/04:05), सागर (05:10/05:15), बीना (07:30/07:35), गंजबासौदा (08:10/08:12), विदिशा (09:03/09:05), भोपाल (10:28/10:30) और सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी।

ठहराव :- दोनों दिशाओं में यह स्पेशल ट्रेन भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर ठहरेगी।

कोच संरचना :- इस स्पेशल ट्रेन में 04 सामान्य श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच सहित कुल 22 कोच लगाए गए हैं

# निगमायुक्त प्रीति यादव ने कॉलोनाईजरों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

### अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले 8 कालोनाईजरों के विरूद्ध दर्ज होगी एफ.आई.आर.

**जबलपुर।** नगरीय निकाय सीमा में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाईजरों पर लगातार नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले 8 कॉलोनाईजरों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने बड़ी कार्रवाई की गयी है। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी एवं कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि मौजा गुरैया खसरा नं. 152 रकबा 3080 वर्गमीटर की भूमि पर पारस रेसीडेन्सी पार्टनर पारस कुशवाहा पिता स्व. नर्मदा कुशवाहा निवासी 345, अमखेरा रोड़, जबलपुर, मौजा अमखेरा खसरा नं. 193 की भूमि पर मेसर्स राधा कृष्ण एसोसिएट्स पार्टनर राकेश कुमार अहिरवार पिता किशन लाल अहिरवार, पता 1094 न्यू कॉलोनी चेरीताल वार्ड दमोहनाका जबलपुर, शुभम यादव तिपा नेमचंद यादव पता परियट मार्ग गॉव जटवा सरसवां जबलपुर, अब्दुल इमरान पिता अब्दुल कलाम पता 1039-1040 बहोराबाग, पसियाना जबलपुर भूमि स्वामी एवं विकासकर्ता बबलू गुप्ता, मौजा कुदवारी नं.बं. 506 प.ह.नं. 80 खसरा नं. 95, 96 की भूमि पर मोहम्मद हामिद हसन पिता स्व. मोहम्मद रशीद निवासी म.नं. 630 संजीवन हॉस्पिटल खालिद अपार्टमेंट के पीछे राम नगर गोहलपुर जबलपुर, मौजा रिमझा खसरा नं. 79 एवं 40/1 की भूमि पर देवेन्द्र कुमार सोनी पिता एच.एन. सोनी, मानव देवेन्द्र सोनी पिता देवेन्द्र कुमार सोनी, विकास सोनी शुभ डेवलपर्स होम्स पता कटंगी रोड कृष्णा सिटठी के सामने सेण्ड एलॉयसिस स्कूल के पीछे रिमझा जबलपुर, मौजा गुरैया प.ह.नं. 24 खसरा नं. 164/3 रकबा 0.218 हेक्टेयर की भूमि मोहम्मद अकरम, मोहम्मद कलाम दोनो के पिता हाजी अब्दुल हमीद निवासी गुरैया जबलपुर एवं निशांत ठाकुर पिता नरेन्द्र सिंह निवासी गोरैया जबलपुर, मौजा महाराजपुर खसरा नं. 13/1 की भूमि पर सजय कुमार, हेमंत कुमार एवं श्रीमती सरोज श्याम गुड्डी महाराजपुर, मौजा पिपरिया 187 प.ह.नं. 58/14 खसरा नं. 61/63 की भूमि पर अशोक यादव पिता स्व. मिट्ठूलाल यादव एवं रमेश खत्री पिता छत्ताराम खत्री दोनो निवासी ग्राम पिपरिया थाना खमरिया तहसील रॉझी, मौजा गुरदा नं.बं. 600 प.ह.नं. 24/81 खसरा नं. 176/1 रकबा 0.560 हेक्टेयर 176/2 रकबा 0.420 हेक्टेयर 176/3 रकबा 0.240 हेक्टेयर की भूमि पर मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल अजीज पता म.नं. 388, अनवरगंज मस्जिद के बाजू में हनुमानताल खैरमाई वार्ड जबलपुर, राजेश कुमार सिंगौर पिता रमेश प्रसाद सिंगौर पता म.नं. 327 पटैल नगर महाराजपुर जबलपुर, निशांत साहू पिता महेश साहू पता नमा कॉलोनी एम.जी.एस.आई.आर.डी. स्वीटी मैरिज हॉल के पास अधारताल जबलपुर के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्मित होना पाया गया, जिनके विरूद्ध विभिन्न थानों में एफ.आई.आर. दर्ज कराने कार्रवाई की गयी है।

अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी एवं कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि 8 कॉलोनाईजरों के द्वारा विकसित की गई कॉलोनियों में अनियमित्ताएँ पाई गयी जिसमें संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से अभिन्यास अनुमोदित नहीं कराया गया, मध्यप्रदेश नगर पालिक कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप कॉलोनाईजर लायसेंस एवं कॉलोनी की विकास अनुमति प्राप्त किये बगैर कॉलोनी विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि कॉलोनाईजरों द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिक कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिसके संबंध में कॉलोनाईजरों को समय-समय पर नोटिस भी जारी किये गए, परन्तु कॉलोनाईजरों के द्वारा नोटिस का कोई जबाव नहीं दिया गया और न ही कॉलोनी की स्वीकृति के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत किये गए। आठों कॉलोनी निर्माताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ''ग'' के तहत् एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

## पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं में विस्तार

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** यात्रियों की मांग को देखते हुए और आगामी त्यौहारों एवं रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्द्येश्य से रेल प्रशासन ने चल रही स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि को विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों की विस्तारित अवधि का विवरण निम्नानुसार हैं।

**श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जंक्शन-मुज़फ्फ़रपुर जंक्शन-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

ट्रेन संख्या 07315 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जंक्शन-मुज़फ्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 25.08.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 01.09.2025 से 22.12.2025 तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 07316 मुज़फ्फ़रपुर जंक्शन-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 28.08.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 04.09.2025 से 25.12.2025 तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 07311 वास्को-द-गामा-मुज़फ्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 25.08.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 01.09.2025 से 22.12.2025 तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 07312 मुज़फ्फ़रपुर जंक्शन-वास्को-द-गामा साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 28.08.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 04.09.2025 से 25.12.2025 तक और चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरती है। ट्रेन संख्या 06211 मैसूरु जंक्शन-दरभंगा जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल, जो दिनांक 26.08.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 02.09.2025 से 23.12.2025 तक और चलेगी।

# 2 आरोपी युवक फायर आर्म्स सहित पकड़े गये

### देशी 1 पिस्टल, 1 कट्टा एवं 5 कारतूस तथा एक्टिवा जप्त

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थो की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 4 सुश्री अंजना तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती श्री सोनू कुर्मी, नगर पुलिस अधीक्षक बरगी श्री अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाईन एवं थाना भेड़ाघाट की टीम द्वारा 2 आरोपियों को पिस्टल, कट्टा एवं कारतूस सहित रंगे हाथ पकडा गया है।

थाना प्रभारी सिविल लाईन श्री अनूप नामदेव ने बताया कि आज दिनांक 22-8-25 की रात विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि बीएसएनएल बिल्डिंग के सामने एक युवक सफेद टीशर्ट पहने सफेद एक्टिवा में कोई घटना करने के लिये देशी पिस्टल लिये घूम रहा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी मुखबिर के बताये हुलिये का युवक बीएसएनएल बिल्डिंग की बाउंड्री के सामने ट्रांसफारमर के नीचे खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर अपनी एक्टिवा लेकर भागने का प्रयास किया जो अचानक एक्टिवा से गिर गया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम मोह. दानिश उम्र 20 वर्ष निवासी नई बस्ती गोहलपुर वर्तमान पता अहमद नगर थाना कुटला जिला कटनी बताया तलाशी लेने पर एक्टिवा की डिक्की में 1 देशी पिस्टल तथा पेंट की जेब में 3 कारतूस रखे मिला। आरोपी मोह. दानिश के कब्जे से 1 देशी पिस्टल, 3 कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस जे 8786 जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कारतूस कहॉ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को अवैध शस्त्र के साथ रंगे हाथ पकडने में सहायक उप निरीक्षक इंदल सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक अनिल तिवारी, आरक्षक प्रदीप गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

थाना प्रभारी भेड़ाघाट श्री कमलेश चौरिया ने बताया कि दिनांक 21-8-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि हरे कृष्ण आश्रम के आगे पुल के पास सरस्वती घाट में एक युवक अपने कमर में देशी कट्टा खोसे हुये कोई वारदात करने की फिराक में है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम साहिल चड़ार उम्र 18 वर्ष निवासी गड़र पिपरिया बताया तलाशी लेने पर संदेही अपनी कमर में देशी कट्टा खोसे मिला तथा पहने हुये कपडे की जेब में 2 कारतूस रखे मिला। आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा एवं 2 कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कारतूस कहॉ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को अवैध शस्त्र के साथ रंगे हाथ पकडने में सहायक उप निरीक्षक अजय झारिया, प्रधान आरक्षक राकेश रावत, राजेश धुर्वे की की सराहनीय भूमिका रही।

# मेसर्स चित्रकूट क्रशिंग कार्पोरेशन खेरवा स्टोन माइन के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

## धूल और प्रदूषण से बीमार हो रहे ग्रामीण, जिम्मेदार अधिकारी बने मौन दर्शक

## खरेवा में कायदे कानून की धज्जियां उडा संचालित हो रहा क्रशर

मझगवां तहसील के भियामऊ पंचायत के ग्राम खेरवा में नियम कानून की धज्जिया उडा कर क्रशर का संचालन किया जा रहा, पिछले 2 साल से गांव के अंदर धड़ल्ले से अवैध खनन के साथ पत्थर निकाल कर फिर रेत बनाकर करोड़ों का व्यापार चल रहा, गांव में 12 चक्का से लेकर 16 चक्का के ट्रक दिन रात रेत के परिवहन में धमाचौकडी करते है। ओवर लोडिंग से लेकर बिना रॉयल्टी के रेत का खेल चालू है। जिला प्रशासन और खनिज विभाग काला चश्मा लगाकर अवैध खेल पर निगरानी बनाये हुए है। खनन एरिया और क्र शर एरिया में सुरक्षा की दृष्टि से किसी तरह की कोई बाउंड्री या तार फिनिशिंग नही की गयी। डस्ट के गुबार के लिए किसी तरह का टीन नही लगाए गये हैं। यह क्रशर बस्ती के बीच में खतरों का खेल खेलते हुए धरती का सीना छलनी कर रेत का करोबार कर रहा है।

खेरवा में मेसर्स चित्रकूट क्रशिंग कार्पोरेशन खेरवा स्टोन माइन स्टोन क्रशर संचालित है। क्रशर से प्रतिदिन 70-80 ट्रक रेत बना कर अलग अलग जगह में परिवाहन किया जा रहा है। लेकिन संचालक द्वारा शासन की गाइड लाइन को अनदेखा किया जा रहा है। खदान में किसी प्रकार के सुरक्षा के इंतजाम नहीं और न ही कोई सीमा है। भू खनन की निर्धारित सीमा 25 फीट की गई है। परंतु मनमाने ढंग से 100 फीट से अधिक क्षेत्र में गहराई में खनन किया जा रहा है। यहां का जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण भी नहीं किया जाता है। खदानों के चारों तरफ तार फिनिंसग या फिर बॉउंड्रीवाल नहीं बनाई गई। जिस कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### पत्थर पिसाई के लिए नहीं होता पानी का उपयोग

क्र शर में पत्थर की पिसाई के लिए स्प्रिंकलर का उपयोग किया जाना चाहिए। जिससे पत्थर पिसाई से डस्ट हवा में न उड़े। परंतु स्टोन क्रशर संचालक द्वारा पानी का उपयोग नहीं किया जाता रहा है। जिससे डस्ट हवा में गुबार बनकर उड़ती रहती है।

### यह है गाइड लाइन

शासन द्वारा गाइड लाइन जारी किया गया है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के लिए स्टोन क्रशार के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाना चाहिए। साथ ही स्टोन क्रशर के चारों ओर सघन पौधरोपण होना चाहिए तथा उत्सर्जन बिंदुओं पर जल का छिडक़ाव किया जाना चाहिए। साथ ही साथ स्टोन क्रशर को कवर्ड किया जाना चाहिए। लेकिन संचालक द्वारा गाइड लाइन का पालन न कर मनमानी पर उतारू हैं।













मनमानी पर उतारू हैं क्रशर संचालक जानकारी के लिए बताते चले कि क्रशर संचालक द्वारा शासन के द्वारा जारी गाइड लाइन का बिलकुल भी पालन नही किया जा रहा है बल्कि नियमों को धता बताते हुए धड़ल्ले से संचालित हो रहा हैं। क्रशर संचालक द्वारा न तो

स्टोन क्रशर के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया है न ही सघन पौधरोपण भी नही किया गया है। न ही स्टोन क्रशर को कवर्ड भी नही किया गया है और न ही उत्सर्जन बिंदुओं पर पानी का छिडक़ाव कभी नही किया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग किया है।

### ओवर लोडिंग का खेल

ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन खेरवा से निकलकर भियामाऊ और चुवा से होते हुए प्रतिदिन 70-80 ट्रक का अवैध परिवाहन किया जाता है। इसमें अधिकांश का टीपी भी जारी नहीं की जाती है। सभी ट्रकों में ओवर लोडिंग रहती है। इसके अलवा 30-40 ट्रक बघेलावारी और कांलिंजर के मार्ग से यूपी में भेजे जाते है।

### इनका कहना-

मेरे द्वारा 2 साल पहले एनओसी दी गई थी। कई बार अधिकारियों को मौखिक रुप से बोला था। क्रशर नियम को ताक पर चल रहा है, मेरी कोई सुनता नहीं है। क्रशर को नियम तरीके से ही संचालित किया जाना चाहिए। मैं ग्रामीणों के साथ हूं, अगर नियम विरूध तरीके से क्रशर चल रहा है तो सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। दूसरा क्रशर नहीं लगना चाहिए।

**संदीप सिंह, सरपंच भियामऊ**

ग्रामीणों की समस्याओं के साथ हम सब लोग खड़े है, जूरूरत पडेगी तो जनआंदोलन किया जाएगा। क्रशर के कारण हो रही समस्याओं का निधान प्रशासन को करना चाहिए। या फिर गांव में क्रशर को बंद करे दे। चंद लोगों के फायदे के लिए पूरा गांव प्रताडित हो रहा है।

**श्रीधर पटेल, समाजसेवी**

अगर प्रशासन ने क्रशर बंद नही किया था, हम लोग आंदोलन करने के बाध्य होंगे। जब से क्रशर लगा है हम लोगों का जीना मुश्किल है। खुली खदानों में मवेशी गिर जाते है। गांव के बच्चे भी कई बार गिर चुके है।

**लवलेश यादव ग्रामीण**

क्रशर से रेत निकलने वाले ट्रकों के चलते दुर्घटना होती है। पत्थर निकालने के लिए 200 फीट तक खेत की खुदाई की जाती है जिससे पानी का श्रोत कम हो रहा है। क्र शर और खनन बंद होना चाहिए।

**रज्जन पटेल, ग्रामीण**

गांव में नियम बिरूद्ध तरीके से क्रशर चल रहा है, दूसरा क्रशर खोलने और उत्खनन के लिए एनोसी देने का दबाव किया जा रहा है। सरपंच अपने फायदे के लिए एनओसी देता है। प्रशासन को जांच कर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

राजकुमार सोनी, ग्रामीण

गांव में किसी प्रकार का खनन नही होना चाहिए, जो क्रशर चल रहा इसको भी बंद करना चाहिए, गांव की

# सिवनी पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर एमडी पाउडर तस्कर

**1,24,000/- रुपये का 12.19 ग्राम एमडी पावडर आरोपी से बरामद**

### आरोपी के नागपुर समेत अन्य शहरों से जुड़े तार

**सिवनी।** जिले में लगातार बढ़ रही मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद ने सख्त कदम उठाते हुए विशेष टीम का गठन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे के निर्देशन में गठित इस टीम को 20 अगस्त 2025 को बड़ी सफलता हाथ लगी।सूचना मिली थी कि सूफीनगर गांधीवार्ड निवासी हाकिम खान (27) एमडी पाउडर लेकर छिंदवाड़ा रोड बायपास पर बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी किशोर वामनकर ने टीम और हमराही स्टाफ के साथ घेराबंदी कर संदेही को पकड़ लिया।



### मौके पर मिली 12.19 ग्राम एमडी पाउडर

गवाहों की मौजूदगी में की गई तलाशी में हाकिम खान के पास से सफेद पन्नी में रखा 12.19 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.24 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस रिमांड पर आरोपी

पूछताछ में आरोपी ने सिवनी, नागपुर और आसपास के कई संदिग्ध नाम उजागर किए हैं। 21 अगस्त को पुलिस ने हाकिम खान को न्यायालय में पेश कर 25 अगस्त तक का पुलिस रिमांड प्राप्त किया।

### संगीन अपराधों में पहले से शामिल

पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि आरोपी विगत दो वर्षों से अवैध नशीले कारोबार में सक्रिय है। उस पर सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिलों के थानों में एनडीपीएस एक्ट और गौवंश परिवहन समेत 09 संगीन अपराध दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त थाना अमरवाड़ा (छिंदवाड़ा) में दर्ज अपराध पर न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिस पर छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने ?2500 का इनाम घोषित किया था।पुलिस को आशंका है कि आरोपी के तार नागपुर सहित अन्य शहरों से भी जुड़े हैं। फिलहाल पुलिस टीम इन बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी किशोर वामनकर, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश रघुवंशी, देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत, शेखर बघेल, अमर उइके, परवेज सिद्दीकी, मुकेश गोंडाने, मनोज पाल, नवीन तिवारी, आरक्षक अमित रघुवंशी, सुधीर डहेरिया, सौरभ राजपूत, राजेन्द्र राजपूत, दिलीप उइके, पंकज सोलंकी, प्रतीक बघेल, प्रेमशंकर मिश्रा, मजहर कुरैशी, विनय चौरिया (सायबर सेल) एवं सैनिक वकील खान का विशेष योगदान रहा।

## बमीठा पुलिस ने मोबाइल चोर को जिला सागर से किया गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद



पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा गुम हुए मोबाइल की तलाश एवं मोबाइल चोर की गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी थानों में पुलिस अधिकृत पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षित पुलिस कर्मचारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल धारक के मोबाइल फोन चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना बमीठा में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधिकृत पोर्टल के माध्यम से साक्ष्य एकत्र किए गए, मोबाइल चोर का पता लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही कर मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी पुष्पेंद्र विश्वकर्मा पिता हरिराम विश्वकर्मा निवासी बंडा जिला सागर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से वीवो कंपनी का मोबाइल कुल कीमत करीब 10000 रुपए बरामद किया गया। विधिवत कार्यवाही की गई, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक जयराम एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

## झूठे SC/ST एक्ट मामले की निष्पक्ष जांच की मांग, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, जिला छतरपुर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वार्ड क्रमांक 38 की पार्षद काशीबाई के पुत्र पुष्पेंद्र कुशवाहा पर दर्ज झूठे अनुसूचित जाति एक्ट प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। युवा जिलाध्यक्ष आशीष पटेल और युवा जिला महासचिव रामकुमार शा ने बताया कि पुष्पेंद्र कुशवाहा नगर पालिका कर्मचारियों की अनियमितताओं और वार्ड की समस्याओं को उजागर करते रहते हैं। इसी कारण द्वेषवश नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दबाव में झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया है। महासभा ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिस स्थान पर विवाद होना बताया जा रहा है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उनकी फुटेज से साफ हो जाएगा कि आरोप झूठे हैं। पूर्व में भी नगर पालिका अधिकारी संजेश कुमार नायक द्वारा पुष्पेंद्र कुशवाहा को अनावश्यक नोटिस दिए गए थे, जिनका जवाब उन्होंने प्रस्तुत किया था। कुशवाहा महासभा ने कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराते हुए पुष्पेंद्र कुशवाहा को न्याय दिलाया जाए और झूठी एफआईआर का खात्मा किया जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक और कोतवाली थाना प्रभारी को भी भेजी गई है।

## नौनिहालों को बीच सड़क पर ही छोड़ देते हैं स्कूली वाहन

**स्कूली वाहनों में नियम-कायदे ताक पर**

**सिवनी ।** निजी स्कूलों के वाहन चालक बच्चों की सुरक्षा ताक पर रख रहे हैं। अलग-अलग मार्गों पर चलने वाले वाहनों में अटेंडर तक नहीं हैं, इसलिए बस में मौजूदा स्टाफ बच्चों को बीच सड़क पर उतार कर आगे बढ़ जाता है। हालात यह हैं कि छोटे सहित बड़े स्कूलों में बिना अनुबंध चल रहे ऑटो और मैजिक अटेंडर रखने के नियम का पालन नहीं हो रहा।ऐसा भी नजारा आ सामने आ रहा है कि जिसमें अन्य सवारियों के साथ बच्चों को बैठा दिया जाता है। नगर में संचालित सभी निजी स्कूल संचालक बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों के नाम पर फीस वसूलते हैं। इसके बावजूद कई वाहनों में सिर्फ चालक ही रहते हैं। शहर की सड़कों पर चल रहे अधिकांश वाहनों में सीसीटीवी भी नहीं हैं। इस कारण वाहनों की या उसमें हो रही गतिविधियों की जानकारी प्रशासन या संबंधित विभाग को नहीं लग पाती।विभाग की गाइड लाइन अनुसार वाहन में सीसीटीवी, जीपीएसए, मेडिकल किट सहित दो दरवाजे होना अनिवार्य है। दूसरी और छोटे वाहनों पर कोई नियम ही पालन नहीं हो रहा। कई बार ऐसी स्थिति भी बनी कि दो चार बच्चों को घर छोड़ने के दौरान वाहन चालक सवारी बैठाकर काम चला लेते हैं। हाईकोर्ट के सत आदेश हैं कि वाहनों की अनुमति मापदंड पूरे करने पर ही दी जाए। ऐसे में स्कूल संचालकों सिर्फ अनुमति मिलने तक के लिए वाहनों में सीसीटीवी लगाए जाते हैं, इसके बाद हटा दिया जाता है।

## पार्टी की मजबूती के लिए करेंगे काम : राजकुमार खुराना



**सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी को भी उपस्थित होना था, लेकिन उनकी पत्नि का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण वह उपस्थित नहीं हो सके। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि हम सब कांग्रेस जन नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एक जुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को शपथ ग्रहण कार्यक्त्रस्म को लेकर किसी गफलत में मुझे पूर्व जानकारी नहीं मिल पाई। मैं पूर्व निर्धारित छिंदवाड़ा में आयोजित किसान बचाओ आंदोलन में शामिल होने निकल गया था। रास्ते में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फोन आया, लेकिन उन्हें कार्यक्त्रस्म में आने में असमर्थता की जानकारी दे दी। पत्रकार वार्ता के अंत में खुराना ने कहा कि मुझे पद की कोई लालसा नहीं है। हम सभी कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

## जिले में बिना पंजीयन संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान

**सिवनी।** शहर से लेकर जिले के अन्य क्षेत्र में कई कोचिंग संस्थान बिना पंजीयन के संचालित हो रहे हैं। जीएसटी पंजीयन भी नहीं है। उनके पास निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के शिक्षक भी नहीं हैं। जिले भर में संचालित हो रहे ऐसे गैर मान्यता प्राप्त कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केन्द्र या प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जानकारी के मुताबिक जिले में कई गैर मान्यता प्राप्त कोचिंग संचालित हो रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। गैर मान्यता प्राप्त संचालित कोचिंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग हो रही है। देखने में यह भी आ रहा है कि विद्यालय समय में ही अनाधिकृत कोचिंग का संचालन हो रहा है, इसकी जांच व कार्रवाई की मांग नागरिकों ने प्रशासन से की है।

# समृद्धि कारक होंगे मिट्टी के गणेश, सर्वार्थ सिद्धि योग का मिलेगा फल

**सिवनी।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 27 अगस्त को चित्रा नक्षत्र में गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। 26 अगस्त को दोपहर 01.54 बजे से चतुर्थी तिथि शुरू होगी और 27 अगस्त को दोपहर 03.44 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार 27 अगस्त को ही गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। भगवान गणेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाएगा।गणेश उत्सव समितियों द्वारा शहर में आधा सैकड़ा स्थान पर गणेश पंडाल सजाने की तैयारी है, तो वहीं घरों में गणपति को लाने के लिए श्रद्धालु उत्साहित हैं। प्रशासन पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीओपी के बजाय मिट्टी की गणेश प्रतिमा की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित कर रहा है। गणेश चतुर्थी से पूर्व शहर की धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं मिट्टी के गणेश बनाने के लिए मूर्तिकारों को समझाइस दे रहे हैं।पंडित राघवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक की समय अवधि में त्रीपुष्कर योग व सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। यह योग अति शुभ व मंगलकारी है। वर्तमान समय में चतुर्मास चल रहा है और इन 4 मास में सृष्टि का भार भगवान शंकर संभालते हैं और शिव परिवार द्वारा इन 4 माह में सृष्टि का संचालन किया जाता है। बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित है और इस वर्ष भगवान गणेश जन्मोत्सव बुधवार से प्रारंभ होगा। श्रद्धालुओं को इस दिन भगवान शंकर, माता पार्वती, गणेशजी महाराज, कार्तिकेय स्वामी, नंदी एवं मूषक राज की विशेष पूजा अर्चना करना चाहिए। भगवान गणेश रिद्धि और सिद्धि के दाता हैं, हमें इनकी विशेष कृपा प्राप्ति के लिए दुर्वा एवं मोदक भेंट करना चाहिए। गणेश चालीसा गणपति अथर्वशीर्ष का नियमित पाठ करना काफी फलदायक है। गणेश चतुर्थी के दिन चंद्र दर्शन निषेध है, इस दिन चंद्र दर्शन नहीं करना चाहिए।



### मिट्टी की प्रतिमा की करें स्थापना

गणेश चतुर्थी पर मिट्टी से बनाई हुई भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा शीतलता प्रदान करती है। यह प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक होती है। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनाए जाने वाली प्रतिमाएं पर्यावरण को हानि पहुंचाने का काम करती हैं। विसर्जन के दौरान मिट्टी से बनी प्रतिमाएं नदी, तालाब की मिट्टी में घुलकर धरती की उपयोगिता बढ़ाने में सहायक होती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए गणेश चतुर्थी पर सभी अपने घर में मिट्टी के गणेश बनाए और उनकी स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की जाए, जिससे फल मंगलकारी मिलेगा।

# सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर बकाया राशि को लेकर नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान हुए सख्त, बकायादारों के काटे गए नल कनेक्शन

**संभाग ब्यूरो दुर्गा गुप्ता ।** नगर पालिका मनेंद्रगढ़ के सभी वार्डो में बकायादारों को लेकर हुए सख्त वार्ड क्रमांक 5 में अवैध नल कनेक्शन और सम्पत्तिकर, समेकितकर, बकाया जलकर की वसूली को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी इसहाक खान के आदेशानुसार सख्त कदम उठाते हुए गुरुवार को वार्ड क्रमांक 5 में सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर बकाया दारों का नल बंद करने की कार्यवाही की गई । जिसमे कई उपभोक्ता ऐसे हैं जो सम्पत्तिकर, समेकितकर,जलकर का कई वर्षो से भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिसको लेकर नपा अधिकारी ने सख्त आदेश देते हुए बकाया दारों का नल कनेक्शन बंद करने की कार्यवाही करने के आदेश दिए जिससे तहत नगर पालिका की टीम ने बड़े बकायादारों के घर-घर जाकर जलकर बकाया सम्पत्तिकर, समेकितकर, की बकाया राशि वसूली की और जिनका ज्यादा बकाया है अब लोगों का नल कनेक्शन काटे गए। नगर पालिका के सीएमओ इसहाक खान ने बताया कि जलकर सम्पत्तिकर, समेकितकर की राशि वसूलने और जिनका बकाया है जमा ही नही कर रहे जिससे कर न जमा होने के कारणों से शहर का विकाश कार्य भी नही हो पा रहा है और वार्डो में अवैध नल की भरमार है जिससे नल कनेक्शन को काटने के लिए नगर पालिका द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब एक दर्जन बकायादारों के नल कनेक्शन काटे जा चुके हैं।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी इसहाक खान ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे समय पर जलकर,सम्पत्तिकर, समेकितकर, की राशि जमा करें ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके। गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 05 के विभिन्न हिस्सों में नगर पालिका की टीम द्वारा कार्रवाई की गई और यह अभियान बकायादारों पर आगे भी जारी रहेगा।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. पुष्पराज सिंह और केजी गुप्ता के मार्गदर्शक में सतना जिले के विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में की गई बैठक में सतना जिले की संगठन इकाई बनाने की मुख्य रूप से चर्चाएं की गई और संगठन में नए सदस्यों को जोड़ा गया, इस दौरान नागौद ब्लॉक से सतीश सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव रखा गया, बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पराज सिंह संभागीय उपाध्यक्ष रामनरेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक के जी गुप्ता श्रीधर पटेल, आर के सोनी, अवधनरेश शर्मा, रवि गुप्ता, प्रकाश चंद्र सोनी, सुरेश कुमार, अजय कुमार गुप्ता, सूरज तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, अनिरुद्ध सेन, सतीश सोनी, के अलावा कई श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**सिवनी ।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र 30 अगस्त 2025 तक सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, सिवनी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि वर्तमान में नीट 2025 परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के योग्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



**सिवनी ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी की अध्यक्षता एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 21 अगस्त 2025 एवं 22 अगस्त 2025 को जिला न्यायालय परिसर में जिला चिकित्सालय की टीम के सहयोग से दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सर्वप्रथम अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर किया। उक्त शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, शुगर, हेपेटाईटिस बी एवं सी आदि की जांच की गई। उक्त शिविर का उद्देश्य विधिक सेवा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा है। उक्त शिविर में समस्त न्यायाधीशगणों एवं कर्मचारियों एवं अधिवक्तागणों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## कुटुम्ब न्यायालय सिवनी में मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सिवनी ।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार 22 अगस्त को कुटुम्ब न्यायालय सिवनी में मीडिएशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी एवं लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित पक्षकारों को मीडिएशन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## गांव की पगडंडियों पर जो सुकून है, वो शहर की गलियों में कहां छिंदवाड़ा बना मध्यप्रदेश का नया टूरिज्म हॉट स्पॉट

**भोपाल।** सतपुड़ा की वादियों में बसे छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन-ग्राम अब पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षण बन गये हैं। ग्रामीण जीवन, जनजातीय संस्कृति, पहाड़ी ट्रैकिंग और लोक नृत्य सब कुछ एक ही जगह पर्यटकों को मिल रहा है। पिछले 2 वर्षों में यहां बनाये गये होम-स्टे को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान मिली है। मध्यप्रदेश में होम-स्टे के माध्यम से पर्यटकों को ग्रामीण संस्कृति तथा ग्रामीण जीवन के अनुभव कराने के उद्देश्य से ग्रामीण पर्यटन परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 100 गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किये गये छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्रामों के होम-स्टे देश-प्रदेश के पर्यटकों को खूब भा रहे हैं। हर सप्ताह यहां हजारों की संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। जिले के 12 गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इनमें से 7 गांव सावरवानी, देवगढ़, काजरा, गुमतरा, चोपना, चिमटीपुर और धूसावानी में 36 होम-स्टे पर्यटकों के लिये खोले जा चुके हैं। होम-स्टे खुलने से ग्रामीण रोजगार और उच्च शिक्षा का रूझान बढ़ा है। साथ ही जनजातीय परिवारों का पलायन भी रूक गया है। गांव के युवा गाइड के रूप, लोक नृत्य और भजन मंडली की प्रस्तुति और बैलगाड़ी संचालन से सैलानियों को ग्रामीण जन-जीवन से अवगत कराते हुए अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले के हर पर्यटन ग्राम की अपनी विशेषता है। भोपाल मार्ग पर साल के जंगल के बीच बसे चोपना में देवना नदी का अद्भुत नजारा, पातालकोट के चिमटीपुर गांव की रहस्यमयी वादियां, पेंच नेशनल पार्क के करीब ऑफबीट डेस्टीनेशन गुमतारा, देवगढ़ में गोंड शासन का ऐतिहासिक किला, काजरा में बंधान डेम के बेकवॉटर्स का सौंदर्य और धूसावानी गांव के चौरागढ़ महादेव मंदिर का दृश्य और आम के बागान पर्यटकों को यहां बार-बार आने के लिये प्रेरित करते हैं। होम-स्टे में पर्यटक गाय का दूध दोहने, खेत के कामों में हाथ बटाने और पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने जैसे अनुभव जीते हैं। ढोलक-मंजीरे के साथ भजन और कर्मा नृत्य मंडलियों की प्रस्तुति भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

## केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कर कमलों, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में होगा जनता को समर्पित






# मप्र के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर का भव्य लोकार्पण

### एतेहासिक क्षण का साक्षी बनने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने की अपील

**जबलपुर।** मप्र के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर का भव्य लोकार्पण केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के कर कमलों, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में कल शनिवार 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे महानद्दा, मदनमहल में किया जायेगा। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा जबलपुर के लिए 23 अगस्त का दिन ऐतेहासिक दिन है, आज के दिन 11 सौ करोड़ की लागत से लगभग 7 किमी लम्बे मदनमहल से दमोहनाका तक निर्मित फ्लाई ओवर का लोकार्पण होने जा रहा है, इस फ्लाई ओवर का लोकार्पण दूरदर्शी सोच के धनी और इस फ्लाई ओवर की कल्पना को साकार रूप देने वाले केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी एवं मप्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा इस ऐतेहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए सभी प्रातः 11ः30 बजे लोकार्पण स्थल पहुंचे। जबलपुर की जनता, प्रबुद्धजन एवं भाजपा कार्यकर्त्ताओ कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, भाजपा प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने की है।

## प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने फ्लाई ओव्हर लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने महानद्दा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। फ्लाई ओव्हर के लोकार्पण कार्यक्रम की सभी तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेने आईजी श्री प्रमोद कुमार वर्मा, कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम के हर एक पहलुओं पर चर्चा कर समय पूर्व आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।



### केंद्रीय मंत्री गडकरी का जबलपुर आगमन



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी का शनिवार 23 अगस्त को सुबह 11.25 बजे विशेष विमान द्वारा नागपुर से जबलपुर आगमन होगा। श्री गडकरी सुबह 11.30 बजे डुमना एयरपोर्ट से कार द्वारा मदनमहल प्रस्थान करेंगे तथा यहाँ दोपहर 12 बजे मदनमहल-दमोहनाका फ्लाईओवर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी दोपहर 1.30 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर दोपहर 1.40 बजे लोक निर्माण मंत्री से राकेश सिंह के साउथ सिविल लाइन स्थित निवास पहुँचेंगे तथा दोपहर 2.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक सिविक सेंटर स्थित विशंभर भवन में दैनिक भास्कर, जबलपुर के 40 वें वर्ष पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी शाम 4 बजे विशेष विमान द्वारा डुमना एयरपोर्ट से नागपुर प्रस्थान करेंगे।

## रवीन्द्र भवन में नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम 26 अगस्त को

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की जा रही हैं। ऊर्जा विभाग अंतर्गत भी विभिन्न बिजली कंपनियों में परीक्षा के बाद कर्मचारियों को चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चयनित 1050 कर्मचारियों को रवीन्द्र भवन में 26 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में नियुक्त-पत्र वितरित करेंगे। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बिजली कंपनियों के लिए नवीन संगठनात्मक संरचना स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रदर्शन भी किया जायेगा।

ऊर्जा विभाग ने संकल्प-पत्र के आधार पर विभिन्न पदों पर एमपी ऑन लाइन के माध्यम से परीक्षा लेकर द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती की हैं। चयनित पदों में बिजली इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, लेखाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, सहायक विधि अधिकारी, लाइन अटेंडेंट, सिक्योरिटी ऑफिसर, पॉवर प्लांट फार्मासिस्ट, केमिस्ट, एएनएम, ट्रेसर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, ईसीजी टैक्निशियन, पब्लिसिटी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर आदि पद शामिल हैं। भोपाल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश की विभन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही विद्युत कर्मचारी संगठनों को भी आमंत्रित कर कर्मचारी हितों और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर चर्चा भी की जाएगी।

## किसानों को होगा दस-दस बोरी यूरिया का वितरण

### कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश

**जिल में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध.**

**एक और रैक लगी, कल भी लगेगी एक रैक.**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है। किसानों की आवश्यकता के अनुरूप यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया गया है। जबलपुर को यूरिया की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं।



जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुये कलेक्टर दीपक सक्सेना ने वितरण केंद्रों से प्रत्येक किसान को दस बोरी यूरिया उपलब्ध कराने के निर्देश कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों दिये हैं।

उप संचालक कृषि डॉ निगम ने बताया कि कलेक्टर श्री सक्सेना के निर्देशानुसार डबल लॉक केंद्रों से किसानों को आज शुक्रवार से ही पांच-पांच बोरी के स्थान पर दस-दस बोरी यूरिया का वितरण प्रारंभ किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि आज शुक्रवार को कृभको की जबलपुर पहुँची रैक से जिले को 490 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुई है। इसे सभी डबल लॉक केंद्रों को पहुंचाया जा रहा है। जबकि 207 मीट्रिक टन यूरिया पहले से ही डबल लॉक केंद्रों में उपलब्ध है।

उप संचालक डॉ निगम के मुताबिक शनिवार 23 अगस्त को भी ब्रह्मपुत्र फर्टिलाइजर्स की यूरिया की एक और रैक जबलपुर को मिलने जा रही है। जिले को यूरिया की खेप लगातार प्राप्त होती रहेगी।

## छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं प्रोफाइल अपडेशन सहित योजनाओं का समय सीमा में क्रियान्वयन करें

**प्राचार्यों और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को बैठक में निर्देश.**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिये अध्यापन कार्य पर विशेष ध्यान देने तथा विभागीय योजनाओं का समय पर और सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश आज गुरुवार को मॉडल स्कूल में आयोजित बैठक में दिये गये।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये शिक्षकों एवं छात्रों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा छात्रवृत्ति की स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेशन एवं फेल्ड अकाउंट करेक्शन का कार्य आगामी दो दिवस में पूर्ण करने के निर्देश भी प्राचार्यों और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए शिक्षकों की व्यक्तिगत जबावदेही तय की जाये।




जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन एवं इंस्पायर अवार्ड में अधिक से अधिक छात्रों का पंजीयन, शिक्षकों के अवकाश लेखा संधारण, एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण, शाला एवं छात्र हित में आकस्मिक निधि का समय सीमा में उपयोग, शिक्षकों की ई-अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति, डेली डायरी का संधारण, शौचालय की साफ-सफाई आदि पर भी निर्देश दिशा निर्देश भी बैठक में दिये।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक में बताया कि आगामी दिवसों में जिला शिक्षा अधिकारी की टीम स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करेगी। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने प्राचार्यों को एकेडमिक कार्ययोजना का पीपीटी के माध्यम से जिला स्तर पर प्रस्तुतीकरण करना होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षक और कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण संकुल प्राचार्य एवं बीईओ स्तर पर किया जाये। किसी भी पात्र शिक्षक के क्रमोन्नति, समयमान वेतन, पेंशन प्रकरण लंबित न रहे। शिक्षकों को सीआर के लिए भटकाया ना जाये। प्राचार्य ही उनकी सीआर पूर्ण करायें।

## शांति समिति की बैठक में गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नबी तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने का आग्रह

**शांति समिति की बैठक संपन्न**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नवी और आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर आज शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की मौजूदगी में संपन्न हुई इस बैठक में त्यौहारों को देखते हुये साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, यातायात एवं सुरक्षा के मुद्दों पर विस्तार पर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में कहा गया कि गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नवी के त्यौहार सिर्फ हिन्दू और मुस्लिम समाज के नहीं बल्कि सभी धर्मों और समुदाय के हैं। संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा के अनुसार इन त्यौहारों को शांति, सद्भाव और उत्साह से मनाया जाएगा।






बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्यौहारों के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ आवारा पशुओं को हांका गैंग लगाकर मुख्य मार्गों से हटाने का सुझाव भी सदस्यों ने दिया। बैठक में कहा गया कि इस बार ईद मिलादुन्नबी 5 सितम्बर तथा अनंत चर्तुदशी 6 सितम्बर को है। अतः जुलूस मार्ग पर किसी तरह का व्यवधान न पैदा कर सके इसके लिये समुचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाये।

बैठक में प्रशासन से आग्रह किया गया कि विगत वर्षों के दौरान की गई व्यवस्थाओं की तरह ही इस बार भी पर्वों के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शांति समिति के सदस्यों को त्यौहारों की अग्रिम शुभकामना दी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से बैठक में मिले सभी सुझावों को महत्वपूर्ण बताया। श्री सक्सेना ने गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नवी पर सभी जरूरी प्रशासनिक व्यवस्थायें करने का आश्वासन शांति समिति के सदस्यों को दिया। उन्होंने शांति समिति के बैठक में कहा कि त्यौहार सभी के लिए होते हैं। समिति के सदस्यों को त्यौहारों को लेकर इस तरह का माहौल बनाने का प्रयास करें कि समाज के सभी वर्ग और धर्म के लोग इनमें परिवार के साथ शामिल हो। इससे अनुशासन भी बना रहेगा और लोग सभी त्यौहारों का आनंद भी ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर को राजा शंकरशाह-कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस पर भी समिति ने सुझाव दिया है, वह सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शांति समिति के सदस्यों को त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के समुचित इंतजामों का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर व्यवस्थाओं को लेकर इसकी बैठक की जायेगी। अशांति पैदा करने के प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति-सद्भाव बनाये रखने की जिम्मेदारी संभाले और प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों से निरतंर सम्पर्क में रहें।

शांति समिति की बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगी, सभी एसडीएम, सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोंटिया, कदीर सोनी, हाजी मकबूल अहमद रजवी, मो. ताहिर खान, रज़ा सराफ, मुकेश राठौर, मुबारक कादरी, नीरज परस्ते, प्रमोद पटेल, साबिर उस्मानी, प्यारे साहब, मुकेश राठौर, शरण चौधरी तथा अन्य सभी सदस्य मौजूद थे।

## छात्रावास के बच्चे की मृत्यु की सूचना मिलते ही हरदुलीकलां पहुँची जिला प्रशासन की टीम

**चिकित्सा दल ने किया छात्रावास में रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जिले के विकासखण्ड कुड़ेश्वरधाम के अंतर्गत हरदुलीकलॉ स्थित शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के चौदह वर्षीय छात्र राजकुमार धुर्वे की मृत्यु की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुँचकर हालात का जायजा लिया। टीम में शामिल चिकित्सकों द्वारा छात्रावास में रह रहे सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है।

स्वास्थ्य परीक्षण में छात्रावास के सभी बच्चे स्वस्थ्य पाये गये हैं। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुये है तथा सतर्कता के तौर पर सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि हरदुली कलां स्थित शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के चौदह बच्चों को 20 अगस्त की सुबह सर्दी-खांसी की शिकायत हुई थी। इन चौदह बच्चों में से तीन बच्चों को पेट दर्द एवं बुखार की शिकायत भी थी। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर इन सभी बच्चों का प्रारंभिक उपचार करवाया गया और देखभाल के लिये उन्हें घर भिजवा दिया गया था। छात्रावास से घर भेजे गये इन बच्चों में से ग्राम बिलटुकरी निवासी 14 वर्षीय राजकुमार धुर्वे पिता जानू सिंह धुर्वे की 21 अगस्त को तबियत खराब होने पर उसके परिजनों द्वारा कुण्डेश्वरधाम स्थित शासकीय अस्पताल लाया गया। जहाँ से इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल के लिये रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने बताया कि छात्र राजकुमार धुर्वे की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड के नेतृत्व में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की टीम भेजकर हरदुलीकलां छात्रावास में सभी 22 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। टीम के साथ गये चिकित्सा दल द्वारा किये गये स्वास्थ्य परीक्षण में ये सभी बच्चे स्वस्थ्य पाये गये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बताया कि 20 अगस्त को बामार होने पर प्रारंभिक उपचार के बाद घर भेजे गये चौदह बच्चों में से दो बच्चे वापस छात्रावास आ गये हैं और ये दोनों पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। शेष 11 बच्चों से दूरभाष पर संपर्क किये जाने पर उनका स्वास्थ्य भी बेहतर बताया गया है। इसके बावजूद चिकित्सा दलों को उनके घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। आवश्यकता होने पर इन बच्चों को उपचार के लिये जिला अस्पताल शिफ्ट किया जायेगा। शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास हरदुलीकलां में 46 बच्चे पंजीकृत हैं। छात्रावास में 20 अगस्त की स्थिति में 33 बच्चे निवासरत थे।



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705